वर्किंग प्रोफेशनल्स IIM से कर सकते हैं एमबीए, 28 तक जमा होंगे आवेदन

रांची | आईआईएम रांची में एग्जिक्यूटिव व वर्किंग प्रोफेशनल्स मैनेजमेंट कोर्स के सत्र 2024-26 में नामांकन के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 28 नवंबर है। आवेदन शुल्क दो हजार रुपए है। संस्थान की वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। एग्जिक्यूटिव एमबीए दो वर्षिय कोर्स है। इमसें कुल 6 टर्म होंगे। इनमें 111 क्रेडिट मिलेंगे। एक टर्म में 7 से 9 दिनों तक ऑफलाइन क्लास होंगे। वहीं, हर शनिवार व रविवार को ऑनलाइन क्लास लिए जाएंगे। आवेदन करने के लिए किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से 50 प्रतिशत अंकों के साथ ग्रेजुएट और कम से कम तीन साल का फुलटाइम वर्क एक्सपीरियंस होना चाहिए। आवेदन करने वालों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा, इसके बाद पर्सनल इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा।

Dainik Bhaskar_10.11.2023_Pg. 09